पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आषाढ़ 02, 1944
बुधवारः 22 जून 2022

नए स्वीकृत 10 सैनिक स्कूलों में प्रवेश हेतु ई-काउंसलिंग के दूसरे दौर के लिए वेब पोर्टल फिर से शुरू

नए स्वीकृत 10 सैनिक स्कूलों में प्रवेश का प्रथम दौर सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, सैनिक स्कूल सोसाइटी (एसएसएस) ने इनमें 534 रिक्तियों पर प्रवेश के लिए ई-काउंसलिंग के दूसरे दौर को 22 जून 2022 को फिर से शुरू किया है। काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश पोर्टल https://sainikschool.ncog.gov.in/ecounselling पर 26 जून 2022 तक लॉग-इन किया जा सकता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई-2022) के सभी योग्य प्रवेशार्थी जिन्होंने ई-काउंसलिंग के प्रथम दौर के लिए पंजीकरण किया था, वे ई-काउंसलिंग के दूसरे दौर में भाग लेने के लिए पात्र हैं, सिवाय निम्नलिखित केः

- प्रवेशार्थी जो पहले से ही किसी भी सैनिक स्कूल (वर्तमान या नए अनुमोदित) में प्रवेश ले चुके हैं।
- जिन प्रवेशार्थियों को प्रथम दौर में उनकी पसंद में से एक स्कूल आबंटित किया गया था, लेकिन उन्होंने बिल्कुल भी जवाब नहीं दिया है।
- जिन प्रवेशार्थियों ने पहले दौर में उन्हें सीटों के आबंटन के बावजूद, इसके लिए अनिच्छा व्यक्त की है।

- जिन प्रवेशार्थियों ने अपने विकल्पों में से पहले दौर में आबंटित स्कूल के लिए अपनी इच्छा की पुष्टि की, लेकिन ई-काउंसिलिंग के पहले दौर में स्कूल में प्रवेश के लिए आवश्यक शुल्क का भुगतान नहीं किया।

ई-काउंसलिंग के दूसरे दौर में, प्रत्येक योग्य और इच्छुक उम्मीदवार अधिकतम 3 स्कूलों के लिए विकल्प दे सकता है।

दूसरे दौर की काउंसलिंग में स्कूलवार समेकित मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके अलावा, ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद शैक्षिक सत्र की शुरुआत का समय निकट आने के मद्देनजर, ई-काउंसलिंग के दूसरे दौर के दौरान स्कूलों के लिए पर्याप्त इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 10 नए स्वीकृत सैनिक स्कूलों में से प्रत्येक में उपलब्ध सीटों के तीन गुना के लिए उम्मीदवारों की एक आरक्षित सूची तैयार की जाएगी।

प्रवेश औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए समेकित सूची में शामिल प्रवेशार्थियों को सात दिन का समय दिया जाएगा, जिसके बाद शेष रिक्त सीटें, यदि कोई हों, किसी विशेष नए स्कूल के लिए मेरिट सूची में उनकी रैंकिंग के अनुसार आरक्षित सूची के प्रवेशार्थियों को दी जाएंगी।

भौतिक सत्यापन और संबंधित स्कूल में अपेक्षित शुल्क का भुगतान करने की तिथियां उचित समय पर पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। आगे के अपडेट के लिए, योग्य और इच्छुक प्रवेशार्थियों को प्रवेश पोर्टल पर संपर्क साधने की सलाह दी गयी है।

एबीबी/डीएस/आरपी